प्रस्तुत तालिका 6(14) के प्राथमिक तथ्यों का विष्लेशण से स्पश्ट है कि सेवानिवृत्ति के बाद 68(17:) उत्तरदात्री पहले की भांति ही अपनी सहेलियों से मिलने जाती हैं तथा 96(24:) उत्तरदात्रीओं की सहेलियॉ उनसे सेवानिवृत्ति के पूर्व की भांति मिलने आती हैं।

188(47:) उत्तरदात्री पहले से अधिक अपनी सहेलियों से मिलने जाती हैं। 176(44:) उत्तरदात्रीओं की सहेलियॉ उनसे अब पहले की अपेक्षा अधिक मिलने आती हैं। 144(36:) उत्तरदात्री ऐसी हैं जो सेवानिवृत्ति के पूर्व की अपेक्षा अब अपनी सहेलियों से कम मिलने जाती हैं जबकि 128(32:) उत्तरदात्री ऐसी हैं जिनकी सहेलियॉ अब सेवानिवृत्ति से पूर्व की अपेक्षा कम मिलने आती हैं। निश्कर्शतः उत्तरदात्रीओं का सहेलियों से तथा सहेलियों का उत्तरदात्रीओं से मिलने के स्तर में भिन्नता है।

तालिका नं0 6(15): सेवानिवृत्ति से पूर्व की अपेक्षा सहेलियों द्वारा उत्तरदात्रीओं का स्वागत सत्कार करने की प्रवृत्तियाँ

क्रम	सहेलियों द्वारा स्वागत सत्कार करने सम्बन्धी प्रवृत्तियॉ	उत्तरदात्रीयॉ	
		आवृत्तियॉ	प्रतिषत
1	सभी स्वागत करती हैं	280	70.00
2	कोई–कोई ही स्वागत करती है	120	30.00
3	कोई भी स्वागत नहीं करती है	––	00.00
	योग	400	100.00

प्रस्तुत तालिका 6(15) के प्राथमिक तथ्यों के विष्लेशण से स्पश्ट है कि 280(70:) उत्तरदात्रीओं की सभी सहेलियॉ सेवानिवृत्ति के बाद भी; सेवानिवृत्ति के पूर्व की भॉति ही स्वागत करती हैं। 120(30:) उत्तरदात्री ऐसी हैं जिनकी कोई–कोई सहेली ही स्वागत करती हैं। एक भी उत्तरदात्री ऐसी नहीं पायी गयी है, जिनकी कोई भी सहेली सेवानिवृत्ति से पूर्व की अपेक्षा अब स्वागत न करती हो। इन तथ्यों के विष्लेशण के प्रकाष में स्पश्ट है कि अधिकांषतः उत्तरदात्रीओं की सभी सहेलियॉ; सेवानिवृत्ति से पूर्व की भॉति ही, सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका स्वागत सत्कार करती हैं।

तालिका नं0 6(16): सेवानिवृत्ति के बाद सेवा स्थल के सॉस्कृतिक कार्यक्रमों में आमंत्रित करने का विवरण

क्रम	उत्तरदात्रीओं को आमन्त्रित करना	उत्तरदात्रीयॉ	
		आवृत्तियॉ	प्रतिषत
1	सदैव	217	54.25

2	कभी–कभी	120	30.00
3	कभी नहीं	63	15.75
	कुल योग	400	100.00

प्रस्तुत तालिका 6(16) से स्पश्ट है कि 217(54.25:) उत्तरदात्रीओं को सदैव अपने सेवास्थल के सॉस्कृतिक कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता है। 120(30:) उत्तरदात्रीओं को कभी–कभी अपने सेवास्थल के सॉस्कृतिक कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता है। 63(15.75:) उत्तरदात्री ऐसी पायी गयी हैं जिन्हें अपने पूर्व के सेवा स्थल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कभी भी आमंत्रित नहीं किया जाता है। स्पश्ट है कि अधिकांषतः उत्तरदात्रीओं को अपने सेवास्थल/ कार्यालय के सॉस्कृतिक कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता है तथा ऐसी उत्तरदात्री बहुत कम हैं, जिन्हें कभी भी अपने पूर्व के सेवास्थल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आमंत्रित नहीं किया जाता है।

तालिका नं0 6(17): उत्तरदात्रीओं द्वारा समाज कल्याण संस्था सम्बन्धी कार्य का विवरण

क्रम	उत्तरदात्रीओं द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्य	उत्तरदात्रीयॉ	
		आवृत्तियॉ	प्रतिषत
1	साक्षरता मिषन	57	14.25
2	नेत्र षिविर	40	10.00
3	क्षेत्रीय समाज सेवा	68	17.00
4	राहत कार्य	126	31.50
5	अनाथ आश्रम	16	04.00
6	वृद्धाश्रम	32	08.00
7	कोई कार्य नहीं	61	15.25
	योग	400	100.00

प्रसंगाधीन तालिका 6(17) के प्राथमिक तथ्यों का विष्लेशण करने पर पता चलता है कि अधिकांष उत्तरदात्रीओं ने समाज कल्याण के लिए कार्य किया है, उनमें से 57(14.25:) उत्तरदात्रीओं ने साक्षरता मिषन के लिए कार्य किया है। 40(10:) उत्तरदात्रीओं ने नेत्र षिविर में कार्य किया है। 68(17:) उत्तरदात्री क्षेत्रीय समाज सेवा नामक संस्था के लिए कार्य करती हैं। 126 (31.50:) उत्तरदात्रीओं ने भूकम्प राहत के लिए कार्य किया है। 16(4:) उत्तरदात्रीओं ने अनाथ आश्रम के लिए सहायता की है। 32(8:) उत्तरदात्री ऐसी पायी गयी हैं जो वृद्धाश्रमों

या वृद्धों की सेवा के लिए कार्य करती हैं तथा 61(15.25:) उत्तरदात्री ऐसी हैं जिन्होंने कभी भी समाज संस्था के लिए कार्य नहीं किया। इन उत्तरदात्रीओं में से अधिकांष उत्तरदात्री तो समाज कल्याण के कार्य करती हैं तथा कुछ उत्तरदात्री केवल आर्थिक सहायता करती हैं। कुछ उत्तरदात्री ऐसी भी पायी गयी हैं जो समाज कल्याण के कार्य तो करती हैं मगर किसी समाज कल्याण संस्था से सम्बद्ध नहीं हैं। इन आनुभविक तथ्यों के प्रकाष में स्पश्ट है कि सेवानिवृत्ति महिलाएं समाज के प्रति अधिक संवेदनषील हैं।

तालिका नं0 6(18): उत्तरदात्रीओं का किसी क्लब या किटी पार्टी का सदस्य होने का विवरण

क्रम	क्लब/किटी पार्टी का विवरण	उत्तरदात्रीयॉ	
		आवृत्तियॉ	प्रतिषत
1	पुनर्वास सहायता व मनोरंजन से सम्बन्धित क्लब	209	52.25
2	सेवानिवृत्त व वृद्धजनों के मनोरंजन से सम्बन्धित क्लब	44	11.00
3	समाज सेवा से सम्बन्धित क्लब	96	24.00
4	किसी भी क्लब की सदस्यता नहीं	51	12.75
	योग	400	100.00

प्रसंगाधीन तालिका 6(18) से स्पश्ट है कि 209(52.25:) उत्तरदात्री पुनर्वास सहायता व मनोरंजन से सम्बन्धित क्लब की सक्रिय सदस्य हैं तथा 44(11:) उत्तरदात्री वृद्धजनों व सेवानिवृत्ति व्यक्तियों के मनोरंजन से सम्बन्धित क्लब की सदस्य हैं। 96(24:) उत्तरदात्री समाज सेवा से सम्बन्धित क्लब की सदस्य हैं तथा 51(12.75:) उत्तरदात्री ऐसी भी हैं जो किसी भी क्लब या समिति की सक्रिय सदस्य नहीं हैं। एक भी उत्तरदात्री किसी परिशद या समिति का सदस्य नहीं पायी गयी है।

तालिका नं0 6(19): उत्तरदात्रीओं द्वारा सेवानिवृत्त लोगों के लिए संगठन की आवष्यकता सम्बन्धी विवरण

क्रम	सेवानिवृत्तों/वृद्धों के प्रति उत्तरदात्रीओं के विचार	उत्तरदात्री	
		आवृत्तियॉ	प्रतिषत
1	सेवानिवृत्त लोगों की आवष्यकताओं के अनुरूप सहायता संगठन (वृद्धाश्रम) हों	257	64.25
2	सेवानिवृत्तों/वृद्धों की कानूनी एवं आर्थिक सहायता	128	32.00

	प्रदान करने के लिए संगठन हों		
3	वृद्धाश्रमों की कोई आवष्यकता नहीं है	15	03.75
	योग	400	100.00

प्रस्तुत तालिका से स्पश्ट है कि अधिकांषतः उत्तरदात्री वृद्धाश्रमों का होना जरूरी बताती हैं। उनमें से 257(64.25:) उत्तरदात्रीओं का कहना है कि सेवानिवृत्त लोगों की आवष्यकताओं के अनुरूप वृद्धाश्रमों का निर्माण किया जाए। 128(32:) उत्तरदात्रीओं का मानना है कि ऐसे संगठन हों जो कि वृद्धों को कानूनी व आर्थिक सहायता प्रदान करें, 15(3. 75:) उत्तरदात्री यह मानती हैं कि वृद्धाश्रम वृद्धों के लिए उपयोगी नहीं होते हैं तथा वहाँ पर वृद्धों का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा जाता है। इसलिए सेवानिवृत्ति लोगों के लिए वृद्धाश्रमों की कोई आवष्यकता नहीं है। अध्ययन से प्राप्त आनुभविक तथ्यों का विष्लेशण करने पर पता चलता है कि सेवानिवृत्ति के बाद उत्तरदात्रीओं के पड़ौसियों के दृश्टिकोणों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। लेकिन अब उत्तरदात्रीओं की सहेलियों की संख्या में परिवर्तन हुआ है। उत्तरदात्रीओं की सहेलियॉ अधिकांषतः पहले की अपेक्षा अधिक मिलती हैं तथा उत्तरदात्री भी अपनी सहेलियों से अब अधिक मिलने जाती हैं। लगभग एक तिहाई उत्तरदात्री ऐसी हैं जिनकी सहेलियॉ तथा वे स्वयं अब पहले की अपेक्षा कम मिलती हैं। स्पश्ट है कि सेवानिवृत्ति के बाद उत्तरदात्रीओं का अपनी सहेलियों से सम्बन्धों में परिवर्तन हुआ है। इससे स्पश्ट होता हैं कि सेवानिवृत्ति के पष्चात् उत्तरदात्रीओं में सामाजिकता का स्तर **;वबपंस ैजंजनेद्ध** बढ़ा हैं। ऐसी उत्तरदात्रीओं की संख्या अधिक है जो किसी न किसी क्लब की सदस्या हैं तथा सामाजिक कार्यों में भी भाग लेती हैं। परन्तु कुछ उत्तरदात्री ऐसी भी हैं जो न तो किसी क्लब की सदस्य हैं, और न ही सामाजिक कार्यों में ही भाग लेती हैं। इस प्रकार यह स्पश्ट हैं कि जिन उत्तरदात्रीओं में सामाजिक समायोजन की क्षमता है, उनके सामाजिक सम्बन्ध भी अच्छे हैं। लेकिन जिन उत्तरदात्रीओं में सामाजिक समायोजन का अभाव है वे अपनी सामाजिक भूमिकाओं का निर्वहन भली–भॉति नहीं कर पाती हैं। अधिकांषत उत्तरदात्रीओं का मानना है कि सेवानिवृत्ति व उनकी हम उम्र लोगों के लिए वृद्धाश्रमों की विषेश आवष्यकता है। इसमें उनकी आवष्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए तथा उन्हें समस्याओं के समाधान हेतु कानूनी सहायता भी दी जानी चाहिए। निश्कर्शतः जिन व्यक्तियों में सामाजिक समायोजन पाया जाता है वे अपनी सामाजिक भूमिकाओं का निर्वहन भली प्रकार

कर लेते हैं। वे सामाजिक कल्याण के कार्यों में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेते/लेती हैं तथा अपनी जैसी आयु के लोगों के लिए कार्य करना चाहती हैं एवं उनकी समस्याओं को दूर करना चाहती हैं। इनकी मान्यता है कि सेवानिवृत्त (वृद्धजनों) के लिए 'वृद्धाश्रम' अधिक उपयोगी तथा आवष्यक हैं।

आर्थिक समायोजन :

यह सर्व स्वीकार्य तथ्य है कि सेवानिवृत्ति द्वारा व्यक्ति की बहुत सी सामाजिक भूमिकाओं में कमी आ जाती है एवं कभी–कभी अल्प आय के कारण व्यक्ति के जीवन स्तर में भी कमी या बदलाव आ जाता है। इस बदली हुई भूमिका को कुछ लोग नकारात्मक रूप में भी ले लेते हैं, क्योंकि वे अपनी सामाजिक भूमिका के कम हो जाने व खाली समय में बढ़ोत्तरी हो जाने में सार्थक तालमेल नहीं बैठा पाते हैं। प्रस्तुत षोध अध्ययन में सेवानिवृत्त महिलाओं का अध्ययन किया गया है क्योंकि सेवानिवृत्त महिलाएं सामान्य लोगों की अपेक्षा आसानी से समायोजन नहीं कर पाती हैं और उन्हें एकदम बदली हुई परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इसीलिए वे बदली हुई सामाजिक परिस्थितियों से आसानी से तालमेल नहीं बैठा पाती हैं तथा उन्हें सामान्य जीवन में भॉति–भॉति की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सम्भवतः आर्थिक कारण अवकाष–प्राप्ति की प्रक्रिया को; व अवकाष प्राप्ति के पष्चात् समायोजन की प्रक्रिया को सर्वाधिक प्रभावित करते हैं। 90 प्रतिषत लोग अवकाष प्राप्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा के लिए पूरक व्यवसाय या अन्य कोई धनोपार्जन का कार्य करते हैं। ये लोग अपनी आजीविका व अस्तित्व के लिए अधिक संघर्शरत होते हैं, उन लोगों की अपेक्षा जो अधिक सक्षम हैं व आर्थिक रूप से सुरक्षित हैं। यदि सेवानिवृत्ति के साथ आर्थिक कठिनाइयॉ न जुड़ी होतीं, तो वह उनके लिए मनोवैज्ञानिक रूप से उतनी समस्यात्मक न होती जितनी कि होती हैं। लेकिन सेवानिवृत्ति अपने साथ अनेक आर्थिक समस्यायें लेकर आती है, जिनका व्यक्ति के मानसिक स्तर पर, उसकी पारिवारिक स्थिति पर और समाज में उसकी प्रतिश्ठा पर गम्भीर तथा प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है जो अक्सर हानिकारक होता है। सेवानिवृत्ति के बाद अनेक वृद्धों को जीवन की आवष्यक वस्तुओं के लिए वास्तव में धन की जरूरत होती है। व्यक्ति की काम करने की इच्छा के पीछे प्रायः एक अभिप्रेरक होता है, वह है सुखी व स्वथ्य जीवन के लिए पर्याप्त धन की आवष्यकता। जो व्यक्ति अपने भविश्य की सुरक्षा के लिए पर्याप्त धन का प्रबन्ध नहीं कर पाते हैं, वे सेवानिवृत्ति होने से डरते हैं। यह समस्या सेवानिवृत्ति के प्रति व्यवहार को प्रभावित करती है और समायोजन की

समस्यायें बढ़ जाती हैं। ऐसे वृद्ध लोग अपेक्षाकृत कम होते हैं, जिनकी आवष्यकताऐं निवेषों द्वारा होने वाली आय से पूरी होती है। इसलिए अधिकांष व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद ऐसे कार्य या व्यवसाय अपना लेते हैं, जिनसे उन्हें जीवन की आवष्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन प्राप्त होता रहे। ''आर्थिक समायोजन से तात्पर्य व्यक्ति की उस भूमिका से है जिससे वह अपनी व अपने परिवार के सदस्यों की अनिवार्य आवष्यकताऐं पूर्ण करता है तथा उसे जीवन में आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है; और न ही उसके पारिवारिक व सामाजिक सम्बन्धों पर कोई फर्क पड़ता है।'' **अमेरिका में किए गए एक ताजा अध्ययन (2008) द्वारा पता चलता है कि 65 तथा 65 से अधिक आयु के अमरीकी नागरिकों में केवल एक तिहाई आत्मनिर्भर हैं। षेश दो तिहाई लेागों को पूर्णरूप से या आंषिक रूप से दूसरों की आर्थिक सहायता पर निर्भर रहना पड़ता है। इसी बात से यह अन्दाजा लगाया जा सकता है कि वृद्धावस्था में आर्थिक कठिनाईयाँ कितनी ज्यादा बढ़ जाती हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति का प्रभाव सबसे अधिक वृद्ध व्यक्तियों पर पड़ता है। जब रहन–सहन की परिस्थितियाँ अच्छी होती हैं, तब सेवानिवृत्तों/वृद्धों की स्थिति भी अच्छी होती है; तथा समाज में उन्हें प्रतिश्ठा प्राप्त होती है, लेकिन जब रहन–सहन की परिस्थितियाँ निम्न स्तर की होती हैं, तब वृद्धों तथा सेवानिवृत्तों की स्थिति बदतर होती है। अस्तु सेवानिवृत्ति से सफलतापूर्वक समायोजन के लिए यह आवष्यक है कि व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद होने वाले परिवर्तनों के लिए पहले से ही मन से तैयार रहें तथा स्वयं को आर्थिक रूप से सषक्त कर लें।** वर्तमान समय में आर्थिक तैयारी में लोग दिलचस्पी लेते हैं। बड़े–बड़े निगम (कार्पोरेषन) तथा इन्डस्ट्रीज (उद्योग); अपने कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति की योजनाओं से लाभान्वित करते हैं, ताकि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। अधिकतर कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति का समय निकट आने पर व्यक्तिगत रूप से परामर्ष दिया जाता है, ताकि वे सेवानिवृत्ति से सफलतापूर्वक समायोजन कर सकें। लेकिन वर्तमान विशम परिस्थितियों में ऐसा कम ही विभागों में हो रहा है।

व्यक्ति; सेवानिवृत्ति के पष्चात्; कितनी सफलता के साथ समायोजन करता है यह बात अधिकांषतः उसकी सेवानिवृत्ति के बाद की आर्थिक स्थिति पर निर्भर होती है क्योंकि आर्थिक स्थिति द्वारा ही समाज में व्यक्ति की प्रतिश्ठा बनती है। व्यक्ति के सामाजिक सम्पर्क व सामाजिक कार्यकलापों में भाग लेना और क्लबों का सदस्य बनना या न बनना बहुत कुछ उसकी आर्थिक स्थिति पर निर्भर होता है। उसी से उसके परिवार के सदस्यों की सेवानिवृत्ति

के बाद उसके प्रति धारणायें बनती या बिगड़ती हैं। अधिकांषतः व्यक्ति सेवानिवृत्ति से पूर्व ही अपनी आवष्यकताओं व उत्तरदायित्वों के अनुरूप ही अपनी आर्थिक योजना बना लेते हैं। प्रायः यह देखा गया है कि जिन व्यक्तियों ने अग्रिम रूप से अपनी आर्थिक योजना बना ली है, उन्होंने अपना सेवानिवृत्ति के बाद का जीवन अधिक संतुश्टि व सफलता के साथ जिया है; उन लोगों की अपेक्षा जिन्होंने सेवानिवृत्त जीवन के लिए अग्रिम रूप से आर्थिक योजना नहीं बनाई हैं।

प्रस्तुत अध्याय में यह विष्लेशण किया गया है कि सेवानिवृत्त उत्तरदात्रीओं की आय का स्तर क्या है? आय के स्त्रोत क्या हैं? जिन उत्तरदात्रीओं को अभी अपने कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना है जैसे बच्चों की षादी, षिक्षा आदि को अभी पूर्ण करना है, वे अपनी आर्थिक स्थिति से कितने संतुश्ट हैं? सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्तियों को अपने कार्यकाल (सेवा काल) में तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी अनेक सुविधायें दी जाती हैं जिससे उनका जीवन स्तर उच्च होता है; तथा सामान्य लोगों से अलग होता है। लेकिन अधिकतर ये सुविधायें उच्च अधिकारियों को ही प्राप्त होती हैं, चूँकि प्रस्तुत अध्ययन में सेवानिवृत्त महिलाओं का अध्ययन किया गया है। जो अधिकॉषतः अधिकारी वर्ग के नीचे के पदों पर कार्यरत थीं, अतः इन्हें उतनी ज्यादा सुविधायें प्राप्त नहीं थीं तथा इनकी आय का स्तर भी उतना अधिक उच्च नहीं था। सेवानिवृत्त महिलाओं को किन–किन आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है? तथा वर्तमान में वे अपनी आर्थिक स्थिति से कितना सन्तुश्ट हैं? षोध द्वारा इसको जानने का प्रयास किया गया है।

तालिका नं0 6(20): उत्तरदात्रीओं की मासिक आय का विवरण

क्रम	उत्तरदात्रीओं की मासिक आय (रूपयों में)	उत्तरदात्रीओं की संख्या (प्रतिषत)	
		सेवानिवृत्ति से पूर्व	सेवानिवृत्ति के बाद
1	30000 से अधिक	18(04.50)	24(06.00)
2	20000 से 30000	140(35.00)	160(40.00)
3	20000 से कम	242(60.50)	216(54.00)
	योग	400(100.00)	400(100.00)

प्रसंगाधीन प्रस्तुत तालिका 6(20) के प्राथमिक तथ्यों के विष्लेशण से स्पश्ट है कि सेवानिवृत्ति से पूर्व 18(4.50:) उत्तरदात्रीओं तथा सेवानिवृत्ति के बाद 24(6:) उत्तरदात्रीओं की मासिक आय 20000 रू0 तथा इससे अधिक है, सेवानिवृत्ति से पूर्व 140(35:) तथा सेवानिवृत्ति

के बाद 160(40:) उत्तरदात्रीओं की मासिक आय 30000 से 20000 रूपयों के मध्य तथा सेवानिवृत्ति से पूर्व 242(60.50:) उत्तरदात्रीओं की तथा सेवानिवृत्ति के बाद 216(54:) उत्तरदात्रीओं की मासिक आय 20000 रू0 से कम पायी गयी है। अध्ययन से स्पश्ट है कि अधिकांष उत्तरदात्रीओं की मासिक आय सेवानिवृत्ति के बाद अधिक हो गई है। जिसका कारण महंगाई भत्ता व छटवें वेतन आयोग की षिफारिसों के लागू होने पर पेंषन में भी बढ़ोत्तरी होना है। इसका एक कारण यह भी है कि कुछ उत्तरदात्रीओं से जब मैं व्यक्तिगत रूप से मिली तो उन्होंने बताया कि उनमें से कुछ उत्तरदात्रीओं ने सिर्फ पेंषन को ही मासिक आय में षामिल किया है तथा कुछ उत्तरदात्रीओं ने सहायक तथा मुख्य व्यवसायों से प्राप्त आय को भी मासिक आय में षामिल किया है।

तालिका नं0 6(21): उत्तरदात्रीओं द्वारा सेवानिवृत्ति के पष्चात् आय प्राप्त करने के साधनों का विवरण

क्रम	उत्तरदात्रीओं की आय के विभन्न स्रोत	उत्तरदात्री	
		आवृत्तियॉ	प्रतिषत
1	सिर्फ पेंषन	56	14.00
2	पेंषन व कृशि की उपज	120	30.00
3	पेंषन व परिवार के सदस्यों की आय	57	14.25
4	पेंषन और पूरक व्यवसाय	71	17.75
5	पेंषन और बैंक के सावधि जमा से प्राप्त ब्याज तथा बीमा पॉलिसी	48	12.00
6	पेंषन और मकान का किराया	48	12.00
	योग	400	100.00

प्रस्तुत तालिका 6(21) के प्राथमिक तथ्यों के विष्लेशण से स्पश्ट है कि उत्तरदात्रीओं की आय का स्त्रोत क्या है? विष्लेशण द्वारा पता चला है कि 56(14:) उत्तरदात्रीओं की आय का स्त्रोत सिर्फ पेंषन है, 120(30:) उत्तरदात्रीओं की आय का स्त्रोत पेंषन व कृशि भूमि की उपज द्वारा प्राप्त धन है। 57(14.25:) उत्तरदात्रीओं की आय का स्त्रोत पेंषन व परिवार के सदस्यों की आय है। 71(17.75:) उत्तरदात्रीओं की आय का स्त्रोत पेंषन व पूरक व्यवसाय हैं तथा 48(12:) उत्तरदात्रीओं की आय का स्त्रोत पेंषन और बैंक के सावधि जमा से प्राप्त ब्याज तथा बीमा पॉलिसी हैं। 48(12:) उत्तरदात्रीओं की आय का स्त्रोत पेंषन और मकान का

किराया है। इस प्रकार प्राप्त प्राथमिक तथ्यों के विष्लेशण से स्पश्ट है कि अधिकांष उत्तरदात्रीओं की आय के दो स्त्रोत हैं। सेवानिवृत्त महिलाओं में से मात्र 14: उत्तरदात्री सिर्फ पेंषन पर आश्रित हैं।

तालिका नं0 6(22): उत्तरदात्रीओं की वर्तमान सम्पत्ति का विवरण

क्रम	उत्तरदात्रीओं की सम्पत्ति (रूपयों में)	उत्तरदात्रीयॉ	
		आवृत्तियॉ	प्रतिषत
1	1,00,000 एवं उससे कम	04	01.00
2	1,00,000–1,25,000 रू0	07	01.75
3	1,25,000–1,50,000 रू0	08	02.00
4	1,50,000–1,75,000 रू0	12	03.00
5	1,75,000–2,00,000 रू0	25	06.25
6	2,00,000 रू0 तथा ज्यादा	344	86.00
	योग	400	100.00

प्रस्तुत तालिका 6(22) के प्राथमिक तथ्यों के विष्लेशण से स्पश्ट है कि 100000 रू0 एवं उससे कम सम्पत्ति सिर्फ 4(1:) उत्तरदात्रीओं, 7(1.25:) उत्तरदात्री 100000 से 125000 रू0 तक की सम्पत्ति के मालिक हैं, 8(2:) उत्तरदात्रीओं की सम्पत्ति 125000 से 150000 रू0 के मध्य है। 12(4:) उत्तरदात्रीओं की कुल सम्पत्ति 150000 से 175000 रूपयों के मध्य है। 175000 से 200000 रू0 के मध्य 25(6.25:) उत्तरदात्रीओं की सम्पत्ति है, 200000 रू0 से ज्यादा सम्पत्ति 344(86:) उत्तरदात्रीओं के पास हैं। प्राप्त प्राथमिक तथ्यों के विष्लेशण द्वारा यह भी पता चलता है कि अध्ययन की गई सभी उत्तरदात्रीओं के पास उपर्युक्त सम्पत्ति के अलावा अपना–अपना मकान भी है तथा 50: सेवानिवृत्त महिलाएं वर्तमान समय में अपने मकानों में ही रह रही हैं।

तालिका नं0 6(23): उत्तरदात्रीओं का अपनी आर्थिक स्थिति से सन्तुश्टि के स्तर का विवरण

क्रम	संतुश्टि का स्तर	उत्तरदात्री	
		आवृत्तियॉ	प्रतिषत
1	सामान्य	212	53.00
2	ज्यादा (अधिक)	44	11.00
3	कम	134	33.50
4	बिल्कुल नहीं	10	02.50
	योग	400	100.00

प्रसंगाधीन तालिका 6(23) के तथ्यों के विष्लेशण से स्पश्ट है कि 212(53:) उत्तरदात्री अपनी आर्थिक स्थिति से सामान्य सन्तुश्ट हैं, 44(11:) उत्तरदात्री अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा सन्तुश्ट हैं, लेकिन 134(33.50:) उत्तरदात्री अपनी आर्थिक स्थिति से अपेक्षाकृत कम सन्तुश्ट हैं। जबकि 10(2.50:) उत्तरदात्री अपनी आर्थिक स्थिति से बिल्कुल सन्तुश्ट नहीं हैं।

उत्तरदात्रीओं से प्राप्त प्राथमिक सूचनाओं से पता चला है कि जिन उत्तरदात्रीओं ने अपनी सम्पत्ति का बॅटवारा कर दिया है उनकी संख्या 60(15:) है और जिन उत्तरदात्रीओं ने अभी अपनी सम्पत्ति का बॅटवारा नहीं किया है उनकी संख्या 340(85:) है। चूॅकि अधिकांषतः सेवानिवृत्त महिलाओं को अपने बच्चों की षिक्षा एवं विवाह आदि की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है, इसीलिए अभी तक उनकी सम्पत्ति का बॅटवारा नहीं हुआ है। अध्ययन से स्पश्ट है कि जिन उत्तरदात्रीओं ने अपनी सम्पत्ति का बॅटवारा किया है, उनके परिवार के सदस्यों के दृश्टिकोणों में बॅटवारे के बाद कोई परिवर्तन नहीं आया है। प्राप्त तथ्यों से यह भी स्पश्ट है कि 352(88:) उत्तरदात्री ऐसी पायी गयी हैं, जिन्होंने अपने सेवाकाल में अपने भविश्य के लिए बचत नहीं की थी, जबकि 48(12:) उत्तरदात्रीओं ने सेवाकाल में अपने भविश्य के लिए बचत की थी। उसका कारण उन्होंने 'परिजनों का ठीक प्रकार से निर्वाह करना' दृश्टिकोण बताया।

तालिका नं0 6(24): सेवानिवृत्ति से पूर्व तथा बाद में आय–व्यय का प्रबन्ध करने वाले सदस्यों का विवरण

क्रम	सदस्यों का विवरण	उत्तरदात्रीओं की संख्या (प्रतिषत)	
		सेवानिवृत्ति से पूर्व	सेवानिवृत्ति के बाद
1	स्वयं	104(26.00)	196(49.00)
2	पति	204(51.00)	36(09.00)
3	स्वयं और पति	––(00.00)	76(19.00)
4	बेटा	24(06.00)	72(18.00)
5	माता–पिता	48(12.00)	––(00.00)
6	भाई	20(05.00)	20(05.00)
	योग	400(100.00)	400(100.00)

प्रस्तुत तालिका 6(24) के प्राथमिक तथ्यों के विष्लेशण से स्पश्ट है कि सेवानिवृत्ति से पूर्व 104(26:) उत्तरदात्री तथा सेवानिवृत्ति के बाद 196(49:) उत्तरदात्री आय–व्यय का प्रबन्ध स्वयं करती हैं। सेवानिवृत्ति से पूर्व 204(51:) उत्तरदात्रीओं के पति तथा सेवानिवृत्ति के बाद 36(9:) उत्तरदात्रीओं के पति आय–व्यय का प्रबन्ध करते हैं। सेवानिवृत्ति के बाद 76(19:) उत्तरदात्री स्वयं तथा उनके पति मिलकर आय–व्यय का प्रबन्ध करते हैं। सेवानिवृत्ति से पूर्व

24(4:) उत्तरदात्रीओं के पुत्र आय–व्यय का प्रबन्ध करते थे तथा सेवानिवृत्ति के बाद 72(18:) उत्तरदात्रीओं के पुत्र आय–व्यय का प्रबन्ध करते हैं। सेवानिवृत्ति से पूर्व 48(12:) उत्तरदात्रीओं के माता–पिता आय–व्यय का प्रबन्ध करते थे। सेवानिवृत्ति से पूर्व 20(5:) उत्तरदात्रीओं के भाई आय–व्यय का प्रबन्ध करते हैं तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी 20(5 प्रतिषत) उत्तरदात्रीओं के भाई आय– व्यय का प्रबन्ध करते हैं। प्राप्त तथ्यों के प्रकाष में स्पश्ट है कि लगभग आधी उत्तरदात्री अपनी आय–व्यय का प्रबन्ध स्वयं ही करती हैं। इसीलिए उन्हें आर्थिक समायोजन में कठिनाई महसूस नहीं होती है।

तालिका नं0 6(25): परिवार से अलग रहने वाले सदस्यों से उत्तरदात्रीओं के सम्बन्धों का कारण

क्रम	उत्तरदात्रीओं से सम्बन्ध का कारण	उत्तरदात्रीओं की संख्या (प्रतिषत)	
		संयुक्त परिवार	एकांकी परिवार
1	सम्मिलित सम्पत्ति	128(32.00)	40(10.00)
2	उत्तरदायित्व निभाना	56(14.00)	60(15.00)
3	धन का लेन–देन सदैव	24(06.00)	––(00.00)
4	धन का लेन–देन कभी–कभी	––(00.00)	44(11.00)
5	एक दूसरे से मिलना	––(00.00)	48(12.00)
	समस्त योग	208(52.00)	192(48.00)

प्रसंगाधीन तालिका 6(25) के प्राथमिक तथ्यों से स्पश्ट है कि संयुक्त परिवारों की 128(32:) उत्तरदात्रीओं तथा एकांकी परिवारों की 40(10:) उत्तरदात्रीओं का परिवार से अलग रहने वाले सदस्यों से सम्मिलित सम्पत्ति का सम्बन्ध है। संयुक्त परिवारों की 56(14:) उत्तरदात्री अपने परिवार के सदस्यों के प्रति उत्तरदायित्व निभाती हैं तथा एकांकी परिवार की 60(15:) उत्तरदात्री अपने परिवार के सदस्यों के प्रति उत्तरदायित्व निभाती हैं। संयुक्त परिवारों की 24(6:) उत्तरदात्री अपने परिवार के सदस्यों के बीच धन का लेन–देन सदैव करती हैं। एकांकी परिवारों की 44(11:) उत्तरदात्रीओं के परिवारों के सदस्यों के बीच धन का लेन–देन कभी–कभी होता है। एकांकी परिवारों की 48(12:) उत्तरदात्री अपने परिवार के सदस्यों से सिर्फ मिलने–जुलने के सम्बन्ध रखती हैं। **इससे पता चलता है कि एकांकी परिवारों की अपेक्षा संयुक्त परिवारों से अलग रहने वाले सदस्यों के मध्य आर्थिक सम्बन्ध अधिक सुदृढ़ हैं। एकांकी परिवार तथा संयुक्त परिवार दोनों की ही उत्तरदात्री आपसी उत्तरदायित्वों को निभाती हैं।** प्राप्त तथ्यों से स्पश्ट है कि अधिकांष उत्तरदात्री अपनी रूचियों

का आर्थिक लाभ के लिए प्रयोग नहीं कर रही हैं। कुछ उत्तरदात्री जो अपनी रूचियों का आर्थिक लाभ के लिए प्रयोग कर रही हैं उनमें से अधिकांषतः ने पूरक व्यवसाय रूप में कृशि व्यवसाय को कराना को प्राथमिकता दी है।

तालिका नं0 6(26): उत्तरदात्रीओं द्वारा समाज कल्याण हेतु आर्थिक सहायता देने का विवरण

क्रम	आर्थिक सहायता देने का विवरण	उत्तरदात्री	
		आवृत्तियॉ	प्रतिषत
1	भूकम्प राहत कोश	128	32.00
2	बाढ़ तथा सूखा राहत सहायता	100	25.00
3	अनाथ व वृद्ध आश्रम	56	14.00
4	समाज कल्याण कार्य (धर्मषाला, कुॅआ व मन्दिर निर्माण आदि)	52	13.00
5	कोई सहायता नहीं	64	16.00
	योग	400	100.00

प्रस्तुत तालिका 6(26) के प्राथमिक तथ्यों से स्पश्ट है कि अधिकांषः उत्तरदात्री समाज कल्याण कार्यों हेतु आर्थिक सहायता दे रही हैं। जिनमें से 128(32:) उत्तरदात्रीओं ने भूकम्प राहत कोश हेतु आर्थिक सहायता दी है, 100(25:) उत्तरदात्रीओं ने बाढ़ तथा सूखा राहत के लिए आर्थिक सहायता दी है, 56(14:) उत्तरदात्री अनाथ कुश्ठ तथा वृद्ध आश्रमों के लिए आर्थिक सहायता देती हैं, जबकि 52(13:) उत्तरदात्रीओं ने समाज कल्याण कार्यों (कुॅआ, धर्मषाला, मन्दिर) के लिए आर्थिक सहायता की है तथा 64(16:) उत्तरदात्री ऐसी हैं जिन्होंने समाज के हितार्थ कोई भी आर्थिक सहायता नहीं दी है।

तालिका नं0 6(27): वृद्धाश्रम के बारे में उत्तरदात्रीओं के विचारों का विवरण

क्रम	उत्तरदात्रीओं के विचार	उत्तरदात्री	
		आवृत्तियॉ	प्रतिषत
1	वर्तमान में आवष्यकता बहुत ज्यादा है	296	74.00
2	घर की अपेक्षा वृद्धाश्रमों में ज्यादा देखभाल होगी		
	कोई आवष्यकता नहीं	84	21.00
3		20	05.00
	योग	400	100.00

प्रसंगाधीन तालिका 6(27) के प्राथमिक तथ्यों से पता चलता है कि 296(74:) उत्तरदात्रीओं का मानना है कि वर्तमान समय में वृद्धाश्रमों की आवष्यकता बहुत ज्यादा है, 84(21:) उत्तरदात्रीओं का कहना है कि घर की अपेक्षा वृद्धाश्रमों में ज्यादा देखभाल होगी। जबकि मात्र 20(5:) उत्तरदात्रीओं का मानना है कि वृद्धाश्रमों की कोई आवष्यकता नहीं है। अधिकांषतः उत्तरदात्रीओं का मानना है कि यदि घर में वृद्धों की उपेक्षा होती है तथा उनकी पर्याप्त देखभाल नहीं की जाती हैं तो उन्हें वृद्धाश्रम में रहने के लिए चला जाना चाहिए जबकि कुछ उत्तरदात्रीओं का मानना है कि वृद्धाश्रम उपयुक्त नहीं होते हैं वहाँ पर घर से अच्छी देखभाल कदापि नहीं हो सकती।

तालिका नं0 6(28): उत्तरदात्रीओं का अपनी हम उम्र महिलाओं को सन्देष देने का विवरण

क्रम	अपनी उम्र की महिलाओं को उत्तरदात्रीओं के सन्देष	उत्तरदात्रीओं की संख्या (प्रतिषत)	
		संयुक्त परिवार	एकांकी परिवार
1	स्वयं को बेकार व कमजोर न समझें	120(30.00)	88(22.00)
2	संयम बनाये रखें, धैर्य से काम लें	40(10.00)	28(07.00)
3	सदैव प्रसन्न रहने की कोषिष करें	160(40.00)	184(46.00)
4	बच्चों को योग्य बनायें	145(36.25)	96(24.00)
5	आर्थिक रूप से सुरक्षित रहें	183(45.75)	132(44.00)
6	दूसरों पर आर्थिक निर्भर न रहें	192(48.00)	124(31.00)
7	स्वयं को अधिकतम व्यस्त रखें	108(27.00)	64(16.00)

;ज्वजंस दनउइमत वि तिमुनमदबपमे पे उवतम जींद 100: कनम जव उनसजपचसम तमेचवदेमेद्ध

उत्तरदात्रीओं ने सर्वेक्षण काल में अपनी हम उम्र महिलाओं को जो संदेष दिये उनमें से संयुक्त परिवार के 120(30:) उत्तरदात्रीओं तथा एकांकी परिवार की 88(22:) उत्तरदात्रीओं का कहना है कि वृद्ध स्वयं को बेकार व कमजोर न समझें। संयुक्त परिवार की 40(10:) उत्तरदात्रीओं तथा एकांकी परिवार की 28(7:) उत्तरदात्रीओं का मानना है कि वृद्धावस्था में वृद्धों को संयम तथा धैर्य बनाये रखना चाहिए। संयुक्त परिवारों की 160(40:) उत्तरदात्रीओं का मानना है कि वृद्धावस्था में सदैव प्रसन्न रहना चाहिए, एकांकी परिवारों की 184(46:) उत्तरदात्रीओं का भी यही मानना है। संयुक्त परिवारों की 145(36.25:) उत्तरदात्रीओं का मानना है कि सभी व्यक्तियों की पहली जिम्मेदारी अपने बच्चों को 'सुसंस्कृत (संस्कार युक्त) बनाना' है। अतः महिलाओं का पहला दायित्व अपने बच्चों को योग्य बनाना होना चाहिए। संयुक्त परिवारों की 183(45.75:) उत्तरदात्रीओं तथा एकांकी परिवारों 132 (44 प्रतिषत)

उत्तरदात्रीओं का मानना है कि वृद्धावस्था में आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहिए वरना परिवार के सदस्यों की उपेक्षा का षिकार होना पड़ता है। संयुक्त परिवारों की 192(48:) उत्तरदात्रीओं तथा एकांकी परिवारों की 124(31:) उत्तरदात्रीओं का यह भी मानना है कि वृद्धावस्था में जहाँ तक सम्भव हो दूसरों पर आर्थिक निर्भर नहीं रहना चाहिये। संयुक्त परिवारों की 108(27:) उत्तरदात्रीओं तथा एकांकी परिवारों के 64(16:) उत्तरदात्रीओं का यह मानना है कि वृद्धावस्था में भी व्यक्ति को व्यस्त रहना चाहिये। उन्हें घर के कामों में हाथ बॅटाकर (जहॉ तक सम्भव हो) सहायता करनी चाहिये। इससे उन्हें बेकारी की स्थिति से मुक्ति मिलेगी तथा समय का सदुपयोग भी हो जाएगा। कुछ उत्तरदात्री ऐसी थी जिनके बच्चे नही हैं तथा कुछ उत्तरदात्रीओं के बच्चे आत्मनिर्भर हैं तथा आर्थिक रूप से सम्पन्न हैं। अधिकांष उत्तरदात्रीओं के बच्चे आत्मनिर्भर नहीं हैं, उन्हें बच्चों की षिक्षा आदि का व्यय स्वयं ही बहन करना पड़ता है। यद्यपि अधिकांषतः उत्तरदात्री अपनी आर्थिक स्थिति से कम संन्तुश्ट थी लेकिन उन्हें आर्थिक कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। कुछ उत्तरदात्री ऐसी हैं जो आर्थिक कठिनाई महसूस कर रही हैं। प्राप्त प्राथमिक आनुभविक तथ्यों का विष्लेशण करने पर यह पता चलता है कि उत्तरदात्रीओं के आय के स्तरों व उत्तरदायित्वों द्वारा ही उत्तरदात्रीओं की आर्थिक सन्तुश्टि निर्भर होती है। जिन उत्तरदात्रीओं की आर्थिक स्थिति अच्छी है, उन्हें आर्थिक कठिनाईयों को सामना कम ही करना पड़ता है। लेकिन जिन उत्तरदात्रीओं की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, उन्हें अत्यधिक आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। बहुत कम उत्तरदात्री ऐसी हैं जो अपनी आर्थिक स्थिति से पूर्णतया संतुश्ट हैं। लगभग (50:) उत्तरदात्री सामान्य रूप से ही सन्तुश्ट हैं तथा एक तिहाई से अधिक उत्तरदात्री अपनी आर्थिक स्थिति से कम सन्तुश्ट हैं। जो उत्तरदात्री अपनी आर्थिक स्थिति से बिल्कुल भी सन्तुश्ट नहीं हैं, उनकी संख्या लगभग नगण्य है। संयुक्त परिवारों में अधिकांषतः उत्तरदात्रीओं के परिवार से सम्पत्ति के सम्बन्ध हैं। एकांकी परिवारों की अधिकांषतः उत्तरदात्रीओं के परिवार से अलग रहने वाले सदस्यों से सिर्फ मिलने–जुलने तथा उत्तरदायित्व निभाने के सम्बन्ध हैं। उत्तरदात्रीओं ने अपनी हम उम्र महिलाओं को सुझाव (संदेष) देते हुए कहा है कि जहॉ तक सम्भव हो वे स्वयं सदैव प्रसन्न रहें तथा स्वयं को बेकार व कमजोर न समझें। उत्तरदात्रीओं का यह भी मानना है कि सेवानिवृत्ति (वृद्धावस्था) में आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहिये, ताकि भविश्य में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। लगभग सभी उत्तरदात्रीओं का मानना है कि वृद्धाश्रम वर्तमान

समय में आवष्यक होते जा रहे हैं तथा वृद्धाश्रमों में घर की अपेक्षा अधिक देखभाल होती है। सिर्फ तीन उत्तरदात्रीओं का मानना है कि वृद्धाश्रमों की आवष्यकता नहीं हैं। निश्कर्शतः यदि आर्थिक स्थिति अच्छी हैं तो व्यक्ति अपने आर्थिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन भली प्रकार कर सकेगा तथा उसे आर्थिक सन्तुश्टि भी होगी। किन्तु यदि आय का स्तर आवष्यकताओं की अपेक्षा कम है; तो व्यक्ति की आर्थिक सन्तुश्टि एवं आर्थिक समायोजन निष्चित तौर पर उससे नकारात्मक दिषा में प्रभावित होंगे।

KKKKKK

सन्दर्भ–सूची

1. मैकाइवर, आर.एम. एवं पेज, सी.एच. (1953) सोसाइटी, द मैक–मिलन एण्ड कं0 लिमि0, लन्दन, पृश्ठ 238
2. जॉनसन, एच.एम. ; (1969) सोषियोलॉजी, सिस्टेमेटिक इंट्रोडक्षन, रूटलैज एण्ड कीगन पॉल, (प्रा0लिमि0) लन्दन, पृश्ठ 112
3. थॉमस, एम.जे. ; (1960) रोल एण्ड थ्योरी, जॉन विले एण्ड सन्स (प्रा.लि.), लन्दन, पृश्ठ 32
4. बेली, एफ.जी. ; (1960) 'भारत में संयुक्त परिवार', 'इकोनोमिक वीकली', 20 फरबरी, 1960, बाम्बे, पृश्ठ 10

5.	कार्वे, इरावती ;	(1953)	'किनषिप ऑर्गेनाइजेषन इन इण्डिया' डीकन कालेज प्रकाषन, पूना, पृ.10
6.	ऑगबर्न, डब्ल्यू.एफ. एवं निमकॉफ एम.एफ.	(1957)	ए हैण्डबुक ऑफ सोसाइटी, रूटलैज एण्ड कीगन पॉल (प्रा0लिमि0), लन्दन, पृश्ठ 459
7.	मैकाइवर, आर.एम. एण्ड पेज, सी.एच.	(1953)	सोसाइटी, द मैक–मिलन एण्ड कं0 लिमि0, लन्दन, पृश्ठ 5
8.	डेविस, किंग्स्ले ;	(1959)	ह्यूमन सोसाइटी, द मैक–मिलन एण्ड कम्पनी लि0, न्यूयार्क, पृश्ठ–25
9.	ग्रीन, ए.डब्ल्यू. ;	(1960)	सोषियोलॉजी, मैक ग्रो–हिल बुक कम्पनी, कोगाकुषा, हॉल्ट न्यूयार्क, पृश्ठ–127
10.	टकमैन, जे. एण्ड आई. जॉर्ज ;	(1963)	एटीट्यूड टुवर्ड ओल्ड प्यूपल, 'जर्नल ऑफ सोषियोलॉजी', हॉल्ट, न्यूयार्क, पृश्ठ 67

KKKKKK